विरोध बहोरीबंद क्षेत्र के किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन, दस दिन का अल्टीमेटम, उग्र आंदोलन की चेतावनी

बिजली कटौती, खाद की किल्लत से किसान परेशान

नवभारत, कटनी। जिले के बहोरीबंद में गुरुवार को बिजली कटौती और खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। ओबीसी और किसान नेता राकेश सिंह लोधी की अगुवाई में बड़ी संख्या में किसानों ने बहोरीबंद तहसील दफ्तर के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्रदर्शन से पहले बहोरीबंद बंद की अपील की गई थी, जिसे दुकानदारों और लोगों का पूरा समर्थन मिला। इलाके की दुकानें और बाजार पूरी तरह बंद रहे। किसान नेता राकेश सिंह लोधी ने कहा कि सरकार 10 घंटे बिना रुकावट बिजली देने का दावा करती है, लेकिन बहोरीबंद में किसानों को मुश्किल से 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इसके साथ ही खाद नहीं मिलने से भी किसान भारी परेशानी झेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन और उग्र होगा। जिन मांगों को लेकर विरोध

प्रदर्शन कियाप गया है उनमें बिजली की अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने, ककरेहटा फीडर की खराबी दूर किए जाने, रूपनाथ धाम में नया बिजली सब-स्टेशन बनाए जाने, किसानों को सिंचाई के लिए कम से कम 10 घंटे दिए जाने, खाद केंद्रों पर लंबी लाइनों को खत्म करने के लिए तत्काल डबल काउंटर चालू किए जाने, बहोरीबंद अस्पताल में डॉक्टरों के खाली पद भरे जाने, आईटीआई और पीएम श्री स्कूल के रास्तों के लिए पक्की सड़क बनाए जाने, फसल बेचने के लिए बहोरीबंद में नई कृषि उपज मंडी बनाए जाने, इलाके में उप-पंजीयक दफ्तर और सिविल कोर्ट शुरू किए जाने, ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि 10 दिनों के अंदर इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो उग्र जन-आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी।

स्कूल बंद किए जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

वहीं जिले के बहोरीबंद तहसील के सूतेली ग्राम के ग्रामीण बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। वे अपने गांव के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय को बंद किए जाने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए स्कूल चालू रखने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार सूतेली गांव में कई साल पुराना शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय है, जहां करीब डेढ़ सौ बच्चे पढ़ते हैं। अब स्कूल को बंद करके बच्चों को गांव से 7 किलोमीटर दूर बहोरीबंद में नवनिर्मित सांदीपनी स्कूल में स्थानांतरित किया जा रहा है। ग्रामीणों में से एक, प्रमोद कुमार बर्मन ने बताया कि सभी मजदूर वर्ग से हैं सुबह से मजदूरी करने चले जाते हैं।

बच्चों को 7 किलोमीटर दूर स्कूल लाने-ले जाने का समय नहीं है और न ही ऑटो रिक्शा का किराया देने के लिए पैसे हैं। उन्होंने कहा कि रास्ते में जंगल भी पड़ता है, जहां जंगली जानवर भी हैं। छोटे बच्चों को अकेले भेजना सुरक्षित नहीं है। इसे लेकर ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन सौंपा।

उन्होंने मांग की है कि शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला सूतेली को बंद नहीं किया जाए और बच्चों की पढ़ाई गांव में ही जारी रखी जाए। जिला शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद पांडे ने बताया कि उन्हें ग्राम सूतेली के ग्रामीणों से आवेदन मिला है, जिसमें उन्होंने स्कूल बंद नहीं करने की मांग की गई है।

इस मामले की जांच के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति जांच करेगी, ध्यान रखा जाएगा कि शासन के जो भी दिशा निर्देश आए हैं, उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम सुपेली में शासकीय प्राथमिक शाला है, उससे आठ किलोमीटर दूर सांदीपनी नवनिर्मित स्कूल है, जिस पर बच्चों को शिफ्ट किया जाना है। ग्रामीणों के आवेदन पर जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

मांगों पर अड़े पटवारी, हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठे पटवारी

नवभारत, कटनी। पटवारी संघ अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। कलेक्ट्रेट के बाहर जिले भर के पटवारी गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे। पटवारी संघ का कहना है कि उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। पटवारी संघ की 7 मुख्य मांगों में सालों से अटका कैडर रिव्यू प्रस्ताव तत्काल लागू करना और वेतन की गड़बड़ी दूर करना शामिल है। इसके अलावा वे सीनियरिटी और सेवा अवधि के आधार पर प्रमोशन की मांग कर रहे। पिछले 10 सालों से रुकी हुई विभागीय परीक्षाएं नियमित कराई जाएं। पीएससी के उच्च राजस्व पदों में पटवारियों के लिए कोटा तय किया जाने, संघ पदाधिकारियों के किए गए ट्रांसफर रद्द किए जाने, कृषि संगणना, जनगणना, किसान आईडी कैंप और लैपटॉप सुधार के बाकी पैसों का तत्काल भुगतान करने, बिना कारण बताए नोटिस के बिना किए जा रहे निलंबन पर रोक लगाने की मांग शामिल है। पटवारियों की मांग है कि बारिश के मौसम में जियो-फेन्सिंग से गिरदावरी कराने का फैसला टाला जाए और कोई व्यावहारिक तरीका निकाला जाए, क्योंकि इससे जान का खतरा रहता है। पटवारियों ने साफ किया है कि वे जनता या प्रशासन को परेशान नहीं करना चाहते, लेकिन सरकार की बेरुखी की वजह से उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि हड़ताल से राजस्व का काम ठप होने या बारिश में गिरदावरी के दौरान कोई हादसा होने पर पूरी जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी।

एक नजर में

जाति बदलकर जमीन क्रय-विक्रय का आरोप

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी थाना क्षेत्र के बिलहरी निवासी विनोद शंकर शर्मा ने थाना प्रभारी बिलहरी को एक लिखित शिकायत सौंपकर एक जनपद सदस्य सहित अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में आरोप है कि मुख्य आरोपी ने अलग-अलग समय पर अपनी जाति बदलकर आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग का लाभ उठाया और इसी आधार पर आदिवासी भूमि की खरीद-बिक्री की। शिकायत के अनुसार आरोपी वर्ष 2013 से 2018 तक सेवा सहकारी समिति बिलहरी में अनुसूचित जनजाति वर्ग से सदस्य रहा। वहीं अन्य दस्तावेजों और भूमि पंजीयन में स्वयं को पिछड़ा वर्ग का बताकर भूमि का विक्रय करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी ने परिस्थितियों के अनुसार कभी आदिवासी तो कभी पिछड़ा वर्ग का प्रमाण प्रस्तुत कर सरकारी योजनाओं का लाभ भी लिया। आवेदन में वर्ष 2017, 2023 और 2024 में हुई कई भूमि रजिस्ट्रियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि अलग-अलग जाति के आधार पर भूमि का क्रय-विक्रय किया गया। शिकायत में संबंधित रजिस्ट्रार कार्यालय, गवाहों, अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच कर दोषी पर कार्रवाई की मांग की गई है।

सड़क में गड्ढों से बारिश में हादसे की आशंका

उमरियापान-सिहोरा मुख्य मार्ग की मरम्मत की मांग

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान-सिहोरा मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति अब स्थानीय लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। बारिश के चलते सड़क पर बने गहरे गड्ढे पानी से भर गए हैं, जिससे उनकी वास्तविक गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को हर पल दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। वाहन चालकों को गड्ढों से बचते हुए धीरे-धीरे सफर तय करना पड़ रहा है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद जोखिमभरा हो गया है, जबकि

भारी वाहनों के गुजरने से सड़क की स्थिति लगातार और खराब होती जा रही है। यह सड़क उमरियापान को सिहोरा सहित आसपास के अनेक गांवों से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन छात्र, कर्मचारी, व्यापारी, किसान और ग्रामीण इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। खराब सड़क के कारण यात्रा में अधिक समय लग रहा है, साथ ही वाहनों के रखरखाव पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मार्ग की बदहाल स्थिति से संबंधित विभाग और प्रशासन भली-भांति परिचित हैं, क्योंकि अधिकारियों का भी इसी मार्ग से नियमित आवागमन होता है। इसके बावजूद अब तक स्थायी मरम्मत या सड़क सुधार की दिशा में कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं दे रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि उमरियापान-सिहोरा मार्ग का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कराई जाए। साथ ही पूरे मार्ग के नवीनीकरण की ठोस कार्ययोजना बनाकर जल्द कार्य शुरू किया जाए।

प्रशिक्षण शिविर में बताई जाएंगी कांग्रेस की रीति और नीतियां

दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया गया शुभारंभ

नवभारत, कटनी। कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत शहर कांग्रेस के सभी ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ बुधवार से किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में हर विषय के प्रवक्ता के व्यवस्था की गई है, साथ ही प्रशिक्षण शिविर में मंडलम् अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनके लिए प्रशिक्षण रखा गया है । अन्य लोगों का प्रशिक्षण अलग से रखा जाएगा है, प्रशिक्षण का कार्यक्रम निर्धारित समय के साथ ठीक 11 बजे शुरू कर दिया गया था। इसके बाद प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

देश के महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान के निर्माता बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर शुरू किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ प्रशिक्षण के प्रभारी पूर्व सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह, शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला प्रभारी मनु मिश्रा विधानसभा सभा प्रभारी बीरेंद्र चौबे, जिला संगठन महामंत्री जितेन्द्र सिंह, प्रेम बत्रा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरज सिंह बघेल की उपस्थित रहे। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मे प्रशिक्षक महेंद्र जोशी, प्रमिल मित्रा, राहुल राज, आंनद जाट द्वारा ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्षों को विस्तार से पार्टी की रीति नीतियों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया।

गुरुवार को प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार शामिल होंगे।

घर से स्कूल गया छठवीं का छात्र लापता, पुलिस ने शुरू की खोजबीन

परिजनों की सूचना पर पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का मामला

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महंगवा (देगवा) से एक 14 वर्षीय छात्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। छात्र के घर वापस न लौटने पर परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार मामला मंगलवार 4 अगस्त का है।

महंगवा गांव निवासी एक 14 वर्षीय किशोर कक्षा छठवीं का छात्र है, मंगलवार को वह सुबह रोजाना की तरह स्कूल गया हुआ था। छात्र के पिता मजदूरी पर गए हुए थे। जब वे दोपहर लगभग 12 बजे घर लौटे, तो पत्नी जयंती यादव ने उन्हें बताया कि प्रियंश स्कूल गया है। शाम तक खोजबीन, पर नहीं मिला सुराग शाम 4 बजे तक जब प्रियंश घर वापस नहीं आया, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने स्कूल के अन्य सहपाठियों, शिक्षकों, आसपास के क्षेत्र और नाते-रिश्तेदारों में बच्चे की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस जांच में जुटी परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके मासूम बेटे को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा के तहत अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम द्वारा लापता किशोर के संबंध में जानकारी जुटाई जास रही है। पुलिस स्थानीय स्तर पर पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से गायब छात्र की तलाश में जुटी हुई है।

सभी मॉल, कोचिंग और अस्पताल में रहे फायर सेफ्टी

नगर निगम की टीम ने किया संस्थानों का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश के अनुपालन में शहर में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम कर आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को नगर निगम कटनी द्वारा फायर सेफ्टी को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गठित फायर सेफ्टी दल द्वारा बरगवां से माधवनगर मार्ग स्थित बहुमंजिला भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं चिकित्सालयों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों पर अग्नि सुरक्षा मानकों सम्बन्धी कमियां पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध नोटिस जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निगम उपयंत्री हिमांशु गौतम एवं अतिक्रमण प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि जांच दल ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित जीवन ज्योति हॉस्पिटल, बरगवां स्थित इलेक्ट्रिक स्कूटी एजेंसी, माधवनगर गेट स्थित मनु शिवहरे बिल्डिंग तथा गोलू रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया।

इस दौरान फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता, भवन के उपयोग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन निकास मार्गों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों में फायर ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं पाई गई। इसके अलावा कई स्थानों पर हाइड्रेंट सिस्टम, फायर अलार्म, आपातकालीन प्रवेश और निकासी व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिली।

गठित दल ने संबंधित संचालकों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए आवश्यक सुधार तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए समझाइश भी दी। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री हिमांशु गौतम, अतिक्रमण प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रभारी फायर निरीक्षक शैलेंद्र दुबे सहित नगर निगम की फायर और अतिक्रमण शाखा का अमला मौजूद रहा।

निगमायुक्त ने शहर के सभी अस्पताल, कोचिंग संस्थान, मॉल, बहुमंजिला भवन और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से फायर सेफ्टी सहित सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

गैर-शैक्षणिक कार्य में तैनात दस शिक्षकों को भेजा गया उनके स्कूल

कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई, ज्वाइनिंग के बाद मिलेगा वेतन

नवभारत,ढीमरखेड़ा। जिले के शासकीय स्कूलों में अध्यापन कार्य को सुचारू बनाने और विद्यार्थियों की पढ़ाई का नुकसान रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्यों में संलग्न 10 शिक्षकों का संलग्नीकरण (अटैचमेंट) तत्काल प्रभाव से समाप्त कर उन्हें उनके मूल विद्यालयों में भेज दिया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि मूल शालाओं में ज्वाइनिंग की पुष्टि के बाद ही इन शिक्षकों का वेतन जारी किया जाएगा। आदेश का पालन न होने पर संबंधित संकुल प्राचार्य और विकासखंड शिक्षा अधिकारी की सीधी जवाबदेही तय की जाएगी।

ये शिक्षक लंबे समय से निर्वाचन शाखा, आपदा प्रबंधन, तहसील कार्यालय, जनगणना शाखा और एसडीएम कार्यालय जैसे प्रशासनिक कार्यों में तैनात थे। जिन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है, ढीमरखेड़ा विकासखंड में मुकेश कुमार बर्मन को निर्वाचन शाखा से शासकीय प्राथमिक शाला सारंगपुर, प्रदीप बर्मन आपदा प्रबंधन से शासकीय माध्यमि शाला झाकाझोर, भूपलाल पटेल आपदा प्रबंधन से शासकीय माध्यमिक शाला ठिर्री, अरुण कुमार पटेल आपदा प्रबंधन से शासकीय माध्यमिक शाला बहरिया, अश्वनी पटेल आपदा प्रबंधन से शासकीय प्राथमिक शाला, सनकुई, कटनी विकासखंड के रामसहाय बर्मन जनगणना शाखा से पीएमश्री उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, कैलवाराकला, अतुल आनंद अवस्थी तहसील, जनगणना शाखा से शासकीय प्राथमिक शाला हरदुआ नंबर दो, विवेक कुमार दुबे जिला जनगणना शाखा से शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला पिपरौंध, बहोरीबंद विकासखंड में कमलेश कुमार यादव तहसील कार्यालय से शासकीय प्राथमिक शाला धनिया कूड़ा, महेन्द्र कुमार झारिया एसडीएम कार्यालय से शासकीय प्राथमिक शाला सुपेली भेजहा गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी को समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि बिना मूल पदस्थापना की पुष्टि के वेतन आहरित नहीं किया जाए। यदि इस व्यवस्था में कोई लापरवाही पाई जाती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी शिक्षकों को अपने स्कूलों में ज्वानिंग के निर्देश दिए गए हैं।

9 अगस्त से शुरू होगा हर घर तिरंगा अभियान

नवभारत, कटनी। जिले में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में यह अभियान जन-आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें आमजन को देशभक्ति के उत्साह के साथ भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' भी संवेदनशीलता और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। जिले में हर घर तिरंगा अभियान के आयोजन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

समीक्षा जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाया जाएगा अभियान

सड़क सुरक्षा सिर्फ कानून लागू करने का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है

नवभारत, कटनी। जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हाईवा और अन्य भारी वाहन संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, खनिज, परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई का स्पष्ट संदेश दिया। बैठक में उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल,

यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और परिवहन व्यवसायी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अब जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में लाइसेंस निरस्तीकरण योग्य प्रकरण तैयार कर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय को भेजे जाएंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड तथा बिना नंबर प्लेट संचालित भारी वाहनों के विरुद्ध खनिज विभाग, परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। शहर की सीमा में निर्धारित समय के अतिरिक्त भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा को तकनीक से जोड़ते हुए सभी भारी वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम एवं डैशबोर्ड सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी वाहन संचालकों को निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया, ताकि दुर्घटनाओं की रोकथाम और वाहनों की प्रभावी निगरानी की जा सके। बैठक में मंझगवां-बरही-बड़वारा मार्ग, कुठला रोड, पीरबाबा रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों और चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून लागू करने का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। सभी वाहन संचालकों और परिवहन व्यवसायियों से यातायात नियमों का पालन करने, ओवरलोडिंग एवं ओवरस्पीड से बचने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने कहा है।

पुरानी रंजिश पर कांग्रेस कार्यकर्ता पर कुल्हाड़ी से हमला

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहनिया गांव में कांग्रेस कार्यकर्ता राघवेंद्र सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया गया। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ दबंगों ने उन पर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में राघवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को वे अपने खेत में काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी देने जा रहे थे। रास्ते में गांव के प्रदीप कचेर, रामकिशोर कचेर और नंदिनी कचेर ने उन्हें रोक लिया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, आरोपियों ने कुल्हाड़ी और लाठियों से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के अनुसार आरोपियों से उनका पुराना विवाद चल रहा है। करीब छह महीने पहले भी आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की थी, जिसकी शिकायत उन्होंने थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस में शिकायत से नाराज आरोपियों ने उनके घर में आग लगाने की भी कोशिश की थी, जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है।